दिनांक 23 सितंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में आज से किया गया शटडाउन, नए मोटर पंप लगाने संबंधी कार्य है प्रगति पर

भिलाईनगर/ 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में जल प्रदाय की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ताकि आने वाले दिनों में जल प्रदाय सुचारू रूप से जारी रहे इसलिए अमृत मिशन के अंतर्गत 6 नवीन मोटर पंप लगाए जाने हैं जिसमें से दो को स्थापित कर एक मोटर को पूर्ण रूप से चालू कर दिया गया है जिसके चलते शटडाउन ज्यादा दिनों के लिए नहीं करना पड़ा! शेष चार नए मोटर पंप लगाए जाने के लिए आज प्रातः समय 11:45 पर 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र को शटडाउन किया गया! शट डाउन करते ही जल शोधन संयंत्र के क्लियर वाटर को खाली करने का कार्य किया जा रहा है जो कि अंतिम चरण पर है! पुराने चार मोटर पंपों को निकाल दिया गया है तथा नए मोटर पंप लगाने के लिए फ्रेम को स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है! पृथक पृथक कार्य के लिए लगभग 35 से 40 लोगों की टीम कार्य कर रही है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी